# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान सबसे ज्यादा रेलवे स्टेशन के मामले में कौनसे स्थान पर है?

(A) दूसरे

(B) पहले

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क में से एक है. हर दिन लाखों यात्री सफर करते हैं और 13 हजार से अधिक ट्रेनें चलती हैं.

- देश के कुछ चुनिंदा राज्यों के पास सबसे ज्यादा रेलवे स्टेशन होने का रिकॉर्ड है.
- देश में सबसे ज्यादा रेलवे स्टेशन वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश टॉप पर है. यहां 1100 से ज्यादा रेलवे स्टेशन हैं.
- गोरखपुर जंक्शन में दुनिया का सबसे लम्बा रेलवे प्लेटफॉर्म है, जिसकी लम्बाई 1366 मीटर है.
- राजस्थान इस मामले में दूसरे पायदान पर है. यहां 700+ रेलवे स्टेशन है.

**Yesterday Revision**

01.  राजस्थान में वर्ष 2030 तक समस्त जिलों में, साइबर पुलिस स्टेशन स्थापित किए जाएंगे

02. राजस्थान के जयपुर में पुस्तक 'सुरक्षा सखी' का भव्य विमोचन किया गया

03. राजस्थान के  ब्यावर के आर्यन ने डिफेंस टैक्नोलॉजी में आविष्कार 'पैसिव सोनार डिसेप्शन सिस्टम विकसित किया है

04.  साल के इतिहास में पहली बार राजस्थान की मशहूर लग्जरी ट्रेन 'पैलेस ऑन व्हील्स' मई महीने में चलने जा रही है.

05. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राजस्थान में, देश में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान एग्रीटेक मीट की तैयारियों हेतु संचालित हो रहे ग्राम रथ अभियान को 17 मई तक बढ़ाया गया है

(B) ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 23 से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राज्य सरकार के तत्वावधान में आगामी 23 से 25 मई तक आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट की तैयारियों को अब और अधिक विस्तार दिया गया है। इसी क्रम में संचालित हो रहे ग्राम रथ अभियान
- पूर्व में यह अभियान 12 मई को समाप्त होने वाला था, जिसे अब विस्तारित कर 17 मई तक कर दिया गया है। प्रदेश में 27 अप्रैल से, ग्राम विकास रथ अभियान शुरू किया
- ग्राम रथों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत पशुपालन पद्धतियों तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि प्रणालियों, तकनीकी नवाचारों एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।
- इस विशेष अभियान के दौरान प्रदेश के 13 महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) भीलवाड़ा की हुरड़ा तहसील में स्थित रूपाहेली टेक्सटाइल पार्क का विकास किया जा रहा है

(B) 221 करोड़ रुपये की लागत से यह विकसित किया जाएगा

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- भीलवाड़ा की हुरड़ा तहसील में स्थित रूपाहेली टेक्सटाइल पार्क का विकास 221 करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है
- टेक्सटाइल उद्योगों के लिए विकसित होगा आधुनिक हब भीलवाड़ा जिले की हुरड़ा तहसील में विकसित किए जा रहे इस टेक्सटाइल पार्क में कॉटन एवं नेचुरल फाइबर, मैन मेड फाइबर, गारमेंट एवं रेडीमेड वस्त्र, टेक्निकल टेक्सटाइल, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, वूल प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल एक्सेसरीज से जुड़े उद्योग स्थापित किए जा सकेंगे।
- करीब 209 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित इस पार्क में 500 वर्गमीटर से 1.25 लाख वर्गमीटर तक के कुल 275 औद्योगिक भूखंड नियोजित किए गए हैं

03. पंजाब में आयोजित जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का खिताब किसने जीता है?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) बिहार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जर्नलिस्ट वेलफेयर ट्रस्ट यूनाइटेड प्रेस क्लब द्वारा आयोजित जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का समापन ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंजाब के पंचकूला में रोमांचक अंदाज़ में हुआ, जहां राजस्थान ने हिमाचल को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।
- राजस्थान के कप्तान एवं प्रेस क्लब जयपुर के अध्यक्ष मुकेश मीणा
- टूर्नामेंट का अगला संस्करण जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने संबंधी प्रोजेक्ट के लिए राज्यों से सुझाव हेतु राजस्थान के 3 शहरों को शामिल किया है

(2) राजस्थान के प्रमुख तीन बड़े शहरों में जयपुर, जोधपुर और कोटा को शामिल किया गया है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ ने दस लाख से अधिक आबादी वाले इन शहरों के लिए सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने संबंधी प्रोजेक्ट के लिए राज्यों से सुझाव मांगे हैं।
- फिलहाल इसमें राजस्थान के प्रमुख तीन बड़े शहरों जयपुर, जोधपुर और कोटा को शामिल किया गया है।
- वर्ष 2027 की जनगणना के बाद प्रदेश के कई और शहरों को शामिल किया जाएगा। इन शहरों पर दो तरह की सांख्यिकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अब तक जो भी रिपोर्ट्स बनाई जाती रही है, उसका आधार राज्य व केंद्र रहा है।
- दो तरह की रिपोर्ट में करीब बीस संकेतकों से जानकारी जुटाई जाएगी।

**05. राजस्थान की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) का पहला थाना किस शहर में स्थापित किया गया है,।**

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान की पहली एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) का पहला थाना जयपुर में स्थापित किया गया है, जिसका उद्घाटन एडीजी क्राइम दिनेश एमएन द्वारा किया गया था
- जयपुर में ANTF के पहले थाने के साथ ही राज्य भर में 18 नई चौकियां भी वर्चुअली शुरू की गई
- 2026 तक राजस्थान को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत, ANTF सक्रिय रूप से काम कर रही है
- अब हर संभाग में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पुलिस थाना स्थापित किया जाएगा

जयपुर, रविवार, 10 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-80

1. **भारत** का पहला और एकमात्र सरकारी मल्टी-साइट ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म किस राज्य द्वारा संचालित किया जा रहा है?
(A) गुजरात
(B) केरल
(C) राजस्थान
(D) मध्य प्रदेश

2. **गंग** नहर शताब्दी समारोह का आयोजन राजस्थान सरकार द्वारा किस अवधि के दौरान करने का निर्णय लिया गया है?
(A) 1 फरवरी 2026 से 30 मार्च 2027
(B) 15 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2027
(C) 5 दिसम्बर 2025 से 5 दिसम्बर 2026
(D) 26 अक्टूबर 2026 से 26 अक्टूबर 2027

3. **किसानों** को 'अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता' बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अब तक प्रदेश में कितने से अधिक सौर पंप संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं?
(A) 25 हज़ार से अधिक
(B) 40 हज़ार से अधिक
(C) 65 हज़ार से अधिक
(D) 80 हज़ार से अधिक

4. **रीको** द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए हर दिन औसतन कितने औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए गए?
(A) 2 भूखण्ड
(B) 4 भूखण्ड
(C) 6 भूखण्ड
(D) 10 भूखण्ड

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत बांसवाड़ा जिले का खेल कौन सा है?
(A) हॉकी
(B) कबड्डी
(C) तीरंदाजी
(D) फुटबॉल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किस राज्य में देश में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई।**

(A) राजस्थान

(B) मध्यप्रदेश

(C) हरियाणा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine